डॉ० राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय
पूसा (समस्तीपुर) – 848 125, बिहार

का0आ0सं0– 02स्था0 / विविध / 12 / 2004...400... / डॉ.रा.प्र.के.कृ.वि. पूसा दिनांक..23../08 / 2018

कार्यालय आदेश

विश्वविद्यालय में ई–कम्युनिकेशन को प्रोत्साहन देने एवं कार्यालय में कागज की खपत को कम (Paper less) करने के उद्देश्य से कुछ सुझाव / निर्देश निर्गत किये जाते है, जो निम्न प्रकार है:–

1. विश्वविद्यालय के सभी पदाधिकारी अपने कार्यालय ई–मेल खाता जो उनको आवंटित / निर्गत किया गया है पत्राचार हेतु उसका उपयोग नियमित रूप से करें।
2. विश्वविद्यालय के सभी आन्तरिक एवं बाह्य पत्राचार उक्त कार्यालय ई–मेल खाता से किया जाय परन्तु उसका उपयोग निजी पत्राचार हेतु न किया जाय।
3. विश्वविद्यालय के सभी कार्यालय द्वारा अपने पत्राचार सूची में एरीस सेल को अंकित कर सभी प्रकार के पत्राचार / परिपत्र / कार्यालय आदेश / अधिसूचना आदि को विश्वविद्यालय के वेबसाईट पर लोड करने हेतु एरीस सेल को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाये।
4. विश्वविद्यालय के बकाया रहित प्रमाण पत्र में एरीस सेल का नाम अंकित किया जाय ताकि विश्वविद्यालय के शिक्षक / पदाधिकारी / कर्मचारी / छात्र–छात्राएं विश्वविद्यालय से सेवानिवृत /विश्वविद्यालय छोड़ने के समय एरीस सेल से बकाया रहित प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकें।

कुलपति के आदेश से

21.8.2018

निदेशक प्रशासन

ज्ञापांक..765.. / डॉ.रा.प्र.के.कृ.वि. पूसा दिनांक..23../08 / 2018

प्रतिलिपि :– सभी अधिष्ठाता / निदेशक / उपनिदेशक/निदेशक सह निदेशक / सभी विभाग प्रधान / सभी नियंत्री पदाधिकारी / प्रभारी पदाधिकारी, एरीस सेल, डा.रा.प्र.के.कृ.वि., पूसा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेशानुसार अनुरोध है कि उपरोक्त सुझाव / निर्देश का सख्ती के साथ पालन करना सुनिश्चित किया जाय ताकि दिनांक 02.10.2018 तक सभी कार्यालयों में कागज की खपत को कम (Paper less) किया जा सके।

21.8.2018

निदेशक प्रशासन

कार्बन प्रति कुलपति के सचिव के माननीय कुलपति महोदय को सूचनार्थ प्रेषित।

d:\dipesh\s.k.pandey\office order.docx